आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 09.02.2026 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री-परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे उद्योग जगत के पेशेवरों से संपर्क बनाए ताकि वे वास्तविक दुनिया की प्रणालियों की कार्यप्रणाली को समझ सकें और पाठ्यपुस्तकों से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें।श्री मोदी ने कहा कि नागरिकों द्वारा उठाया गया हर छोटा कदम 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देता है।

विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ का जिक्र किया ..

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज छिंदवाड़ा के बुजुर्गों के लिए आस्था की विशेष यात्रा शुरू हो रही है। छिंदवाड़ा जिले से चयनित तीर्थयात्री आज शाम 7:30 बजे विशेष ट्रेन से द्वारका और सोमनाथ की यात्रा के लिए रवाना होंगे। प्रशासन ने सभी यात्रियों को शाम 6:30 बजे तक रेलवे स्टेशन पहुँचने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नगर निगम और जिला पंचायत अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

बंधक श्रम उन्मूलन दिवस

प्रदेश सरकार आज 'बंधक श्रम उन्मूलन दिवस' के अवसर पर बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम के खिलाफ एक निर्णायक जंग की शुरुआत कर रही है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 'बंधक श्रम उन्मूलन' पर आयोजित राज्य स्तरीय

कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 'वेदा पहल' और 'राज्य स्तरीय एक्शन प्लान' का विमोचन किया गया। विभाग आज से पूरे प्रदेश में महीने भर चलने वाला विशेष अभियान शुरू कर रहा है, जिसका उद्देश्य बंधुआ मजदूरी कराने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना और नई श्रमिक संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों, विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

उप मुख्यमंत्री-समीक्षा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज रीवा जिले के गुढ़ इंडस्ट्रियल एरिया को आर्थिक सशक्तिकरण का नया केंद्र बनाने के लिए विकास कार्यों की समीक्षा की है। मंत्रालय में हुई बैठक में उन्होंने 16 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी जल प्रदाय योजना को शीघ्र पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य हैं। इस परियोजना के पूर्ण होने से नगर परिषद गुढ़ और औद्योगिक क्षेत्र को प्रतिदिन 5-5 एमएलडी (MLD) पानी उपलब्ध होगा। श्री शुक्ल ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह क्षेत्र स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

मुख्यमंत्री- बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट के महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे । गृह विभाग के एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहाँ नक्सल विरोधी अभियानों में वीरता दिखाने वाले 60 जवानों को आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन यानि समय-पूर्व पदोन्नति से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बालाघाट में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के बाद शाम को भोपाल लौटेंगे। राजधानी में वे शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय पहुँचकर छात्रों के साथ संवाद करेंगे।

समाचार संक्षेप में ....

- शिवपुरी में कृषि विभाग द्वारा पुरानी अनाज मंडी में साप्ताहिक प्राकृतिक एवं जैविक खेती हाट बाजार संचालित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न किसानों के कृषि उत्पादों को विक्रय के लिए रखवाया गया ।
- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में आयोजित महादेव मेले में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पहाड़ियों पर हर ओर "हर-हर महादेव" के जयकारे गूंज रहे हैं।
- आगरमालवा जिले में बोर्ड परीक्षाओं के 32 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए। जिले में इस वर्ष कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 7874 विद्यार्थी और कक्षा 12 वीं में 5114 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

....